# छत्तीसगढ़ विधान सभा

## प्रश्नोत्तर-सूची

## जुलाई, 2008 सत्र

## गुरुवार, दिनांक 10 जुलाई, 2008

## तारांकित प्रश्नोत्तर

### मिनीमाता हसदेव बांगो बांध जलाशय से उद्योगों को पानी का आवंटन

1. (*क्र. 318) **श्री नोवेल कुमार वर्मा :** क्या जल संसाधन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) मिनीमाता हसदेव बांगो बांध जलाशय से किन-किन उद्योगों को पानी का आवंटन किया गया है ? उद्योग का नाम, उद्योगों को आवंटित जल की मात्रा (मिलियन घन मीटर में) कितनी-कितनी है ? (ख) कंडिका "क" के जलाशय में उद्योग, पेयजल, सिंचाई एवं निष्क्रिय जल क्षमता कितनी-कितनी है ? वर्ष 2006-07 एवं 2007-08 में कुल कितनी रबी, खरीफ एवं ग्रीष्मकालीन फसलों हेतु पानी दिया गया है ? वर्षवार जानकारी प्रदान करें ? (ग) उक्त परियोजना से सिंचाई हेतु कुल कितना क्षेत्रफल निर्धारित किया गया है तथा कृषि जमीनों की सिंचाई हेतु कितने-कितने हेक्टेयर का प्रावधान रखा गया है ?

**जल संसाधन मंत्री** ( श्री हेमचंद यादव) : (क) मिनीमाता हसदेव बांगो बांध जलाशय से 15 उद्योगों को पानी का आवंटन किया गया है. उद्योग का नाम, उद्योगों को आवंटित जल की मात्रा (मिलियन घन मीटर में) † संलग्न परिशिष्ट में दर्शित है. (ख) मिनीमाता हसदेव बांगो बांध जलाशय में उद्योग हेतु 441.00 मिलियन घन मीटर, पेयजल/निस्तार हेतु 27.00 मिलियन घन मीटर, सिंचाई हेतु 2578.00 मिलियन घन मीटर तथा निष्क्रिय जल ग्रहण क्षमता 370 मिलियन घन मीटर है. इस परियोजना से वर्ष 2006-07 एवं 2007-08 में निम्नानुसार रबी, खरीफ एवं ग्रीष्मकालीन फसलों हेतु पानी दिया गया है :—

| स. क्र. | वर्ष | रबी (हेक्टेयर में) | खरीफ (हेक्टेयर में) | ग्रीष्मकालीन फसल (हेक्टेयर में) | योग (हेक्टेयर में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2006-07 | 31088 | 214399 | - | 245487 |
| 2. | 2007-08 | - | 218342 | - | 218342 |

(ग) इस परियोजना से कुल 4,33,500 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई की जा सकती है, जिसमें 2,55,000 हेक्टेयर खरीफ, 1,27,500 हेक्टेयर रबी एवं 51,000 हेक्टेयर क्षेत्र में ग्रीष्मकालीन फसलों के लिये जल का प्रावधान है.

### प्रदेश में सिंचाई का प्रतिशत

2. (*क्र. 296) **डॉ. (श्रीमती) रेणु जोगी :** क्या जल संसाधन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) प्रदेश में सिंचाई का प्रतिशत कितना है ? जिलेवार जानकारी देवें ? (ख) बिलासपुर जिले के कोटा व मरवाही विधान सभा क्षेत्र में सिंचाई का प्रतिशत कितना-कितना है ? (ग) कोटा व मरवाही विधान सभा क्षेत्र में सिंचाई की कौन-कौन सी योजना स्वीकृति पश्चात् लंबित है ?

**जल संसाधन मंत्री** ( श्री हेमचंद यादव) : (क) वर्तमान में प्रदेश का सिंचाई प्रतिशत 30.76 है. जिलेवार जानकारी निम्नानुसार है :—

| स. क्र. (1) | जिला का नाम (2) | सिंचाई का प्रतिशत (3) |
|---|---|---|
| 1. | रायपुर | 47.74 |

† परिशिष्ट "एक"

| (1) | (2) | (3) |
|---|---|---|
| 2. | महासमुंद | 21.93 |
| 3. | धमतरी | 51.18 |
| 4. | दुर्ग | 30.58 |
| 5. | राजनांदगांव | 25.00 |
| 6. | कबीरधाम | 19.58 |
| 7. | बस्तर | 7.07 |
| 8. | दक्षिण बस्तर (दंतेवाड़ा) | 7.97 |
| 9. | उत्तर बस्तर (कांकेर) | 17.60 |
| 10. | बीजापुर | 6.42 |
| 11. | नारायणपुर | 6.81 |
| 12. | बिलासपुर | 31.70 |
| 13. | कोरबा | 16.97 |
| 14. | सरगुजा | 12.45 |
| 15. | रायगढ़ | 21.07 |
| 16. | जांजगीर-चांपा | 135.04 |
| 17. | कोरिया | 20.94 |
| 18. | जशपुर | 10.56 |

(ख) बिलासपुर जिले के कोटा व मरवाही विधान सभा क्षेत्र में सिंचाई का प्रतिशत क्रमशः 37 व 4.58 है. (ग) कोटा विधान सभा क्षेत्र में कोई भी योजना स्वीकृति के पश्चात् लंबित नहीं है, परन्तु मरवाही विधान सभा क्षेत्र के अंतर्गत छोलापानी सिंचाई योजना स्वीकृति के पश्चात् लंबित है.

प्रदेश में जिलेवार खरीफ फसलों हेतु रासायनिक खाद एवं बीज का भण्डारण/वितरण

3. (*क्र. 220) **डॉ. शक्राजीत नायक** : क्या कृषि मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में जिलेवार खरीफ फसल 2008 के लिये विभिन्न प्रकार के रासायनिक खाद/बीज भण्डारण, वितरण का लक्ष्य क्या था ? 15 जून, 2008 की स्थिति में कितनी-कितनी मात्रा में खाद्य एवं बीज का भण्डारण, वितरण किया जा चुका है ?

**कृषि मंत्री** (श्री मेघाराम साहू) : प्रदेश में खरीफ 2008 के लिए 8,91,000.00 मेट्रिक टन रासायनिक खाद वितरण का लक्ष्य रखा गया है. 15 जून, 2008 की स्थिति में 3,51,207.00 मेट्रिक टन रासायनिक खाद भण्डारण किया गया, जिसमें से 1,46,284.80 मेट्रिक टन रासायनिक खाद का वितरण किया जा चुका है. जिलेवार जानकारी पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट-1 पर है. प्रदेश में खरीफ 2008 के लिए 1,90,000.00 क्विंटल बीज वितरण का लक्ष्य रखा गया है. 15 जून, 2008 की स्थिति में 1,70,793.48 क्विंटल बीज भण्डारण किया गया, जिसमें से 1,38,966.07 क्विंटल बीज का वितरण किया जा चुका है. जिलेवार जानकारी पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट-2 पर है.

सोसायटियों के माध्यम से किसानों को सोयाबीन का बीज वितरण हेतु निर्धारित लक्ष्य

4. (*क्र. 233) **श्री भूपेश बघेल** : क्या कृषि मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि राज्य शासन द्वारा वर्ष 2007-08 में सोसायटियों के माध्यम से किसानों को सोयाबीन के बीज वितरण हेतु कितने क्विंटल का लक्ष्य निर्धारित किया गया है ? लक्ष्य के विरुद्ध कितना स्टाक सोयाबीन बीज शासन के पास उपलब्ध है ?

**कृषि मंत्री** (श्री मेघाराम साहू) : राज्य शासन द्वारा वर्ष 2007-08 में 40,000 क्विंटल सोयाबीन बीज वितरण का लक्ष्य निर्धारित किया गया था, जिसके विरुद्ध 27,225.97 क्विंटल सोयाबीन बीज उपलब्ध कराया गया.

खाद आपूर्ति के संबंध में

5. ( *क्र. 249) **डॉ. चेतन वर्मा :** क्या कृषि मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित बेमेतरा, बेरला एवं साजा द्वारा वर्ष 2008 में किस-किस खाद की कितनी-कितनी मात्रा की मांग क्षेत्र के कृषकों के लिए की गई थी ? (ख) प्रश्नांश (क) अन्तर्गत दिनांक 30 जून, 2008 तक मांग के विरुद्ध कितनी-कितनी मात्रा में किस-किस खाद की आपूर्ति उपरोक्त क्षेत्रों में की गई ?

**कृषि मंत्री ( श्री मेघाराम साहू ) :** (क) खरीफ, 2008 में कृषकों के लिये जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित बेमेतरा, बेरला एवं साजा द्वारा कुल 11400 मेट्रिक टन खाद की मांग की गई. बैंक शाखावार एवं उर्वरक जानकारी विवरण † संलग्न परिशिष्ट पर है. (ख) उपरोक्त क्षेत्रों में 30 जून, 2008 तक मांग के विरुद्ध कुल 5823 मेट्रिक टन खाद की आपूर्ति की गई. बैंक शाखावार एवं उर्वरकवार जानकारी † संलग्न परिशिष्ट पर है.

परिवहन चौकियों का एकीकृत कम्प्यूटरीकृत परिवहन चौकियों में उन्नयन

6. ( *क्र. 203) **श्री महेन्द्र कर्मा :** क्या जल संसाधन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) वर्ष 2004 से 20-06-08 तक राज्य की सीमाओं पर स्थित परिवहन नाकों पर कितने धर्मकांटे स्थापित किये गये हैं ? (ख) कितनी परिवहन चौकियों का एकीकृत कम्प्यूटरीकृत परिवहन चौकियों में उन्नयन किया गया है ?

**जल संसाधन मंत्री ( श्री हेमचंद यादव ) :** (क) प्रश्नाधीन अवधि में धर्मकांटे की स्थापना नहीं की गई है. (ख) किसी भी परिवहन जांच चौकी का एकीकृत कम्प्यूटरीकृत जांच चौकी में पूर्ण रूप से उन्नयन नहीं किया गया है. शासन द्वारा परिवहन जांच चौकी पाटेकोहरा, भोथलडीह ( खम्हारडीह ) एवं वाड्रफनगर के उन्नयन का निर्णय लिया गया है, जिसके तहत इन जांच चौकियों के लिए निर्माण कार्य लोक निर्माण विभाग द्वारा किया जा रहा है.

शिवरीनारायण में महानदी में स्टापडेम निर्माण संबंधी

7. ( *क्र. 29) **महन्त रामसुन्दर दास :** क्या जल संसाधन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) क्या शिवरीनारायण स्थित महानदी में स्टापडेम बनाने संबंधी कार्यवाही विभाग में प्रचलित है ? यदि हां, तो इसकी अद्यतन स्थिति क्या है कृपया बतायें ? (ख) शिवरीनारायण स्थित महानदी में स्टापडेम निर्माण का कार्य कब तक प्रारंभ किया जायेगा कृपया बतायें ? (ग) शिवरीनारायण स्थित महानदी में स्टापडेम बनाने हेतु अनुमानित लागत कितना रखा गया है प्रारंभिक तैयारी में अब तक कितनी राशि व्यय की गई है ? कृपया बतायें ?

**जल संसाधन मंत्री ( श्री हेमचंद यादव ) :** (क) शिवरीनारायण स्थित महानदी में स्टापडेम के स्थान पर शिवरीनारायण बैराज निर्माण किया जाना प्रस्तावित है, वर्तमान में योजना का प्रथम चरण प्राक्कलन तैयार किया जा रहा है. (ख) शिवरीनारायण स्थित महानदी में बैराज का निर्माण, प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान करने व अन्य औपचारिकतायें पूर्ण होने के उपरांत, प्रारंभ किया जा सकेगा. (ग) शिवरीनारायण स्थित महानदी में शिवरीनारायण बैराज निर्माण की अनुमानित लागत लगभग रु. 65.00 करोड़ है. प्रारंभिक तैयारी में सर्वेक्षण का कार्य किया गया है, जिसमें रुपये 1.20 लाख व्यय किया गया है.

भू-अर्जन का मुआवजा

8. ( *क्र. 291) **मोहम्मद अकबर :** क्या जल संसाधन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि अतारांकित प्रश्न संख्या 13 (क्र. 792) दिनांक 18-07-2007 के उत्तर अनुसार कबीरधाम जिले के सुतियापाट जलाशय के डूबान एवं नहर निर्माण में अर्जित भूमि के किन-किन ग्रामों की कितनी भूमि का कितना-कितना मुआवजा 20-06-08 तक प्रदान नहीं किया गया है ?

**जल संसाधन मंत्री ( श्री हेमचंद यादव ) :** अतारांकित प्रश्न संख्या 13 (क्रमांक 792) दिनांक 18-07-2007 के वर्णित उत्तर अनुसार कबीरधाम जिले के सुतियापाट जलाशय के डूबान के समस्त 06 ग्रामों की अर्जित की गई 368.086 हे. भूमि का सम्पूर्ण मुआवजा भुगतान दिनांक

† परिशिष्ट "दो"

20-06-2008 के पूर्व प्रदान किया जा चुका है. सुतियापाट जलाशय के नहर कार्यों के अंतर्गत आने वाले 26 ग्रामों में से 19 ग्रामों के 96.119 हे. अर्जित भूमि की राशि रु. 290.47 लाख का मुआवजा दिनांक 20-06-2008 के पूर्व प्रदान किया जा चुका है. शेष 07 ग्रामों के 32.374 हे. अर्जित भूमि की राशि रु. 100.25 लाख का मुआवजा भुगतान किया जाना शेष है. विवरण † संलग्न परिशिष्ट में दर्शित है.

महासमुंद जिले में बसना सरायपाली मण्डी में धान खरीदी

9. (*क्र. 63) **डॉ. हरिदास भारद्वाज :** क्या कृषि मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) महासमुन्द जिले के बसना एवं सरायपाली कृषि उपज मण्डियों में वर्ष 2006-07 तथा वर्ष 2007-08 में (31 जनवरी 2008 तक) राइस मिलरों द्वारा कितने क्विंटल धान की खरीदी की गई ? (ख) राज्य शासन को वर्षवार मण्डी शुल्क के रूप में कितनी आय प्राप्त हुई ?

**कृषि मंत्री (श्री मेघाराम साहू) :** (क) महासमुन्द जिले के बसना एवं सरायपाली कृषि उपज मण्डियों में वर्ष 2006-07 तथा वर्ष 2007-08 में (31 जनवरी 2008 तक) राइस मिलरों द्वारा कुल 12,07,102 (बारह लाख सात हजार एक सौ दो) क्विंटल धान की खरीदी की गई. मंडीवार, वर्षवार विवरण †† संलग्न परिशिष्ट पर है. (ख) मण्डी शुल्क के रूप में राज्य शासन को कोई राशि प्राप्त नहीं होती.

प्रदेश के आदिवासी परिवारों को निःशुल्क गाय वितरण

10. (*क्र. 308) **श्री उदय मुदलियार :** क्या कृषि मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में आदिवासी परिवारों को निःशुल्क गाय बांटने की योजना के अंतर्गत 2004-05, 2005-06, 2006-07, 2007-08 में कुल कितने गायों का वितरण किया गया ? जिलेवार, वर्षवार, जानकारी देवें ?

**कृषि मंत्री (श्री मेघाराम साहू) :** प्रदेश में आदिवासी परिवारों को निःशुल्क गाय बांटने की योजनांतर्गत राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड के माध्यम से कुल 15,994 गायों का वितरण किया गया. जिलेवार, वर्षवार जानकारी निम्नानुसार है :—

| क्र. | जिला | वर्ष | | | | योग |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2004-05 | 2005-06 | 2006-07 | 2007-08 | |
| 1. | महासमुन्द | - | 1797 | - | - | 1797 |
| 2. | धमतरी | - | 1561 | 301 | - | 1862 |
| 3. | बिलासपुर | - | 1208 | - | - | 1208 |
| 4. | कांकेर | - | 1201 | 1803 | - | 3004 |
| 5. | बस्तर | - | 3024 | 5099 | - | 8123 |
| | **योग** | - | **8791** | **7203** | - | **15994** |

बिलासपुर जिले में क्रय जैविक खाद की गुणवत्ता की जांच

11. (*क्र. 86) **श्री चुरावन मंगेशकर :** क्या कृषि मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) बिलासपुर जिले में वर्ष 2006-2007 एवं 2007-2008 में कुल कितनी राशि की जैविक खाद क्रय की गई है ? (ख) क्या जैविक खाद की गुणवत्ता की जांच कराई गयी है ? यदि हां, तो किस संस्था के द्वारा ?

**कृषि मंत्री (श्री मेघाराम साहू) :** (क) बिलासपुर जिले में वर्ष 2006-2007 एवं 2007-2008 में जैविक खाद क्रय नहीं की गई है. (ख) प्रश्नांश "क" के परिपेक्ष्य में जानकारी निरंक है.

† परिशिष्ट "तीन" †† परिशिष्ट "चार"

वर्ष 2005-2006 से वर्ष 2007-2008 के मध्य नदी-नालों पर किये गये एनीकट का निर्माण

12. (*क्र. 286) **श्री धर्मजीत सिंह :** क्या जल संसाधन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि वर्ष 2005-2006 से वर्ष 2007-2008 के मध्य छ. ग. शासन के जल संसाधन विभाग द्वारा लोरमी विकासखंड जिला बिलासपुर में एनीकट निर्माण की स्वीकृति प्रदान की गई है ? यदि हां, तो किस नदी पर कितनी लागत की स्वीकृति कब प्रदान कर दी गई है, विवरण दें ?

**जल संसाधन मंत्री** (श्री हेमचंद यादव) : वर्ष 2005-06 से वर्ष 2007-08 के मध्य छत्तीसगढ़ शासन के जल संसाधन विभाग द्वारा लोरमी विकासखंड, जिला-बिलासपुर में एनीकट निर्माण की स्वीकृति प्रदान नहीं की गई है.

उद्यान विभाग द्वारा बाड़ी विकास/अन्य कार्यक्रम अंतर्गत ट्यूबवेल खनन

13. (*क्र. 195) **श्री बैदूराम कश्यप :** क्या कृषि मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) बस्तर जिले में उद्यान विभाग अंतर्गत उद्यानिकी बाड़ी विकास एवं अन्य कार्यक्रम अंतर्गत ट्यूबवेल खनन हेतु वर्ष 2007-08 एवं 2008-09 में कितनी राशि आवंटित की गई ? वर्षवार, विकासखण्डवार बतावें ? (ख) इस योजनान्तर्गत कितने अजजा एवं अन्य वर्ग के कृषकों को लाभान्वित किया गया ?

**कृषि मंत्री** (श्री मेघाराम साहू) : (क) बस्तर जिले में कृषि (उद्यान) विभाग द्वारा उद्यानिकी बाड़ी विकास के अंतर्गत नलकूप खनन हेतु राशि आवंटित नहीं की गई है. राष्ट्रीय बागवानी मिशन योजना के घटक "सामुदायिक सिंचाई" योजनांतर्गत सामुदायिक नलकूप खनन का प्रावधान है. इस योजनांतर्गत वर्ष 2007-08 में राशि रुपये 62.50 लाख आवंटित की गई है. वर्ष 2008-09 में राशि आवंटित नहीं की गई है. वर्ष 2007-08 में आवंटित राशि रुपये 62.50 लाख एवं इसके पूर्व वर्ष 2006-07 में आवंटित राशि रुपये 105.00 लाख इस प्रकार कुल राशि 167.50 लाख में से व्यय की गई राशि रुपये 164.72 लाख का विकासखंडवार विवरण † संलग्न परिशिष्ट पर है. (ख) सामुदायिक सिंचाई योजनांतर्गत अभी तक अनुसूचित जनजाति वर्ग के 1210 एवं अन्य वर्ग के 239 इस प्रकार कुल 1449 कृषकों को लाभान्वित किया गया है.

एनीकट से उद्योगों को पानी दिए जाने के एवज में शुल्क वसूली संबंधी

14. (*क्र. 309) **श्री देवजी भाई पटेल :** क्या जल संसाधन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) रायपुर, दुर्ग, राजनांदगांव जिले में कितने एनीकट हैं, इन एनीकट से कितने उद्योगों को पानी दिया जा रहा है ? क्या उद्योगों से इसके एवज में शुल्क लिये जाने का प्रावधान है ? (ख) यदि हां, तो कितने और किन-किन उद्योगों से शुल्क लेना बकाया है, उद्योगवार 15 जून, 2008 की स्थिति में जानकारी दें ?

**जल संसाधन मंत्री** (श्री हेमचंद यादव) : (क) रायपुर, दुर्ग तथा राजनांदगांव जिलों में क्रमशः 07, 20 तथा 13 इस प्रकार कुल 40 एनीकट निर्मित है. एनीकटों में से केवल रायपुर जिले के निर्मित मुनरेठी एनीकट क्रमांक-1 से 4 उद्योगों को जल का प्रदाय किया जा रहा है. उद्योगों को प्रदायित जल के एवज में शासन द्वारा निर्धारित जल कर (शुल्क) लिये जाने का प्रावधान है. (ख) दिनांक 15 जून, 2008 की स्थिति में उपरोक्त चार उद्योगों से कुल रु. 654.69 लाख का शुल्क बकाया है. उद्योगवार जानकारी निम्नानुसार है :-

| स. क्र. | उद्योग का नाम | बकाया राशि |
|---|---|---|
| 1. | मेसर्स जायसवाल निको लिमिटेड | रु. 79.58 लाख |
| 2. | मेसर्स मोनेट इस्पात लिमिटेड | रु. 167.67 लाख |
| 3. | सारडा एनर्जी एवं मिनरल्स लिमिटेड | रु. 14.72 लाख |
| 4. | छ. ग. स्टेट इंडस्ट्रीयल कार्पोरेशन लिमिटेड | रु. 392.72 लाख |
| | **योग** | **रु. 654.69** |

† परिशिष्ट "पांच"

बस्तर जिले में वितरित बीज एवं खाद की जानकारी

15. ( *क्र. 6) **श्री लच्छूराम कश्यप :** क्या कृषि मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) बस्तर जिले में वर्ष 2008-09 में खरीफ एवं रबी फसलों की बुवाई हेतु कृषि विभाग द्वारा कितनी-कितनी मात्रा में कौन-कौन सी प्रजाति के बीज तथा कौन-कौन सी रासायनिक खाद किस-किस दर पर उपलब्ध करायी गई है ? विकासखण्डवार जानकारी देवें ? (ख) शासन द्वारा गरीब किसानों को दी जाने वाली सुविधाओं के अंतर्गत खरीफ एवं रबी फसल की कितनी-कितनी मात्रा में कौन-कौन सी प्रजाति की मिनीकिट एवं खाद का वितरण किया गया है ? विकासखण्डवार जानकारी देवें ?

**कृषि मंत्री** ( श्री मेधाराम साहू ) : (क) बस्तर जिले में वर्ष 2008-09 में दिनांक 30-6-2008 तक उपलब्ध कराये गये बीज एवं उर्वरक की विकासखण्डवार जानकारी पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट-1 एवं 2 पर है. वर्ष 2008-09 के लिये रबी फसलों के बीज एवं उर्वरक अभी उपलब्ध नहीं कराये गये हैं. बीज एवं उर्वरक का विक्रय दर पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट-3 पर है. (ख) कृषि विभाग द्वारा बस्तर जिले में खरीफ 2008 में विभिन्न फसलों के कुल 2645 बीज मिनीकिट का भंडारण किया जाकर दिनांक 30-6-2008 तक 1065 बीज मिनीकिट का वितरण कृषकों को किया गया. फसलवार, प्रजातिवार एवं विकासखण्डवार बीज मिनीकिट की जानकारी पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट-4 पर है. खरीफ 2008 में खाद के मिनीकिट का वितरण नहीं किया गया है.

स्टापडेम/चेकडेम निर्माण में डोलोमाइट पत्थर का उपयोग रोकने बाबत्

16. ( *क्र. 53) **श्री सियाराम कौशिक :** क्या जल संसाधन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) क्या बिलासपुर जिले के विभिन्न एनीकट/स्टापडेम निर्माण में डोलोमाइट पत्थर के उपयोग को रोकने बाबत् विधायक बिल्हा द्वारा माह मई, 2008 में जिला प्रशासन एवं माननीय मंत्री महोदय को सूचना दी गई थी ? (ख) यदि हां, तो क्या कार्यवाही की गई ?

**जल संसाधन मंत्री** ( श्री हेमचंद यादव ) : (क) जी हां. (ख) बिलासपुर जिले के विभिन्न एनीकट/स्टापडेम निर्माण में डोलोमाइट पत्थर का उपयोग रोकने बाबत् माननीय विधायक, विधान सभा क्षेत्र बिल्हा द्वारा सूचित किये जाने पर विभाग द्वारा कराई गई जांच में यह पाया गया कि एनीकट/स्टापडेम निर्माण में डोलोमाइट पत्थर का उपयोग नहीं किया जा रहा है, अतः कार्यवाही किये जाने की आवश्यकता नहीं है.

दुर्ग जिले में कृषि का रकबा, कृषकों एवं खाद आवंटन की जानकारी

17. ( *क्र. 168) **श्री ताम्रध्वज साहू :** क्या कृषि मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) दुर्ग जिले में कुल कितना कृषि रकबा क्षेत्र है ? तथा लघु एवं सीमांत कृषकों की संख्या कितनी है ? (ख) क्या दुर्ग जिले में कृषि रकबा क्षेत्र अनुसार खाद राज्य सरकार द्वारा आवंटित किया गया है ? यदि नहीं तो क्यों ?

**कृषि मंत्री** ( श्री मेधाराम साहू ) : (क) दुर्ग जिले में निरा काश्त क्षेत्र 5,52,286 हेक्टेयर है. जिले में लघु कृषक 87,479 एवं सीमांत कृषक 2,17,183 हैं. (ख) जी हां जिले के कृषि क्षेत्र एवं गतवर्ष की उर्वरक खपत के आधार पर राज्य शासन द्वारा लक्ष्य निर्धारित किया गया है. उर्वरकवार खरीफ, 2007 का वितरण, खरीफ 2008 के लिए लक्ष्य (आवंटन), 24-6-2008 की स्थिति में भण्डारण एवं वितरण की जानकारी † संलग्न परिशिष्ट पर है.

बलौदाबाजार क्षेत्रान्तर्गत किसान समृद्धि योजनांतर्गत लाभान्वित किसान

18. ( *क्र. 293) **श्री राजकमल सिंघानिया :** क्या कृषि मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) रायपुर जिले के अंतर्गत कसडोल, पलारी, लवन आर. आई. क्षेत्र बलौदाबाजार में किसान समृद्धि योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2007-08 एवं वर्ष 2008-09 में 31 मई 2008 तक कितने किसानों को लाभान्वित किया गया है ? (ख) उपरोक्त कसडोल, पलारी, लवन आर. आई. क्षेत्र बलौदाबाजार में वर्ष 2008-09 में इस योजना के तहत कितने किसानों को लाभान्वित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है ?

**कृषि मंत्री** ( श्री मेधाराम साहू ) : (क) वर्ष 2007-08 एवं वर्ष 2008-09 में 31 मई 2008 तक किसान समृद्धि योजनांतर्गत रायपुर

† परिशिष्ट "छ:"

जिले के कसडोल एवं बलौदाबाजार विकासखण्ड के लवन आर. आई. क्षेत्र के निम्नानुसार हितग्राहियों को अनुदान प्रदाय कर लाभान्वित किया गया :—

| क्र. | वर्ष | कसडोल विकासखण्ड | बलौदाबाजार विकासखण्ड के लवन आर. आई. क्षेत्र के अंतर्गत |
|---|---|---|---|
| 1. | 2007-08 | 275 | 66 |
| 2. | 2008-09 (31 मई, 08 तक) | 0 | 2 |
| | योग | 275 | 68 |

पलारी विकासखण्ड में किसान समृद्धि योजना लागू नहीं है. (ख) इस योजनांतर्गत विकासखंडवार लक्ष्य का निर्धारण किया जाता है. वर्ष 2008-09 के लिये निर्धारित लक्ष्य निम्नानुसार है :—

| क्र. | विकासखंड | निर्धारित लक्ष्य |
|---|---|---|
| 1. | कसडोल | 210 |
| 2. | बलौदाबाजार | 180 |
| 3. | पलारी | निरंक (योजना लागू नहीं है.) |

## नहर हेतु अधिग्रहित भूमि का मुआवजा

19. (*क्र. 136) **श्री नंद कुमार पटेल :** क्या जल संसाधन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि रायगढ़ जिले के खरसिया तहसील अंतर्गत मिनीमाता बांगो नहर निर्माण के लिये अधिग्रहित की गई भूमि का मुआवजा देने संबंधी कितने प्रकरण वर्तमान में लंबित है ? प्रकरणों का निपटारा कब तक कर लिया जावेगा.

**जल संसाधन मंत्री (श्री हेमचंद यादव) :** रायगढ़ जिले के खरसिया तहसील के अंतर्गत मिनीमाता बांगो नहर निर्माण के लिये अधिग्रहित की गयी भूमि का मुआवजा देने संबंधी 19 प्रकरण वर्तमान में लंबित है. इनमें से 14 भू-अर्जन प्रकरणों का अवार्ड पारित है, जिसमें से 8 प्रकरणों में पूर्ण भुगतान तथा 6 प्रकरणों में आंशिक भुगतान किया जाना शेष है. कृषकों के उपस्थित होने पर भुगतान किया जा सकता है. शेष 5 प्रकरणों के अवार्ड की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है. भू-अर्जन प्रकरणों का निराकरण जिला कलेक्टर द्वारा अर्धन्यायिक प्रक्रिया के अंतर्गत किया जाता है, अतः निश्चित समयावधि बताया जाना संभव नहीं है.

## किसान समृद्धि योजनांतर्गत स्वीकृत प्रकरणों का विवरण

20. (*क्र. 301) **श्री रविन्द्र चौबे :** क्या कृषि मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) किसान समृद्धि योजना (वृष्टिछाया) में 2007-2008 में कुल लक्ष्य कितना था ? लक्ष्य के विरुद्ध प्राप्त आवेदन एवं उनमें स्वीकृत प्रकरण संख्या कितनी हैं ? (ख) दुर्ग जिले में साजा तहसील से कितने आवेदन प्राप्त हुए ? कितने में स्वीकृति दी गई ? कितने कृषकों द्वारा बोर खनन कराया गया था ? कितने बोर सफल/असफल हुए ? (ग) वर्ष 2007-08 के स्वीकृत एवं खनन किए गए बोर के विरुद्ध कितने कृषकों को अनुदान राशि दी गई है ?

**कृषि मंत्री (श्री मेधाराम साहू) :** (क) किसान समृद्धि योजनांतर्गत वर्ष 2007-08 के लिये प्रदेश में कुल 2620 का लक्ष्य निर्धारित था. लक्ष्य के विरुद्ध प्राप्त सभी 3652 आवेदनों को स्वीकृत किया गया. (ख) दुर्ग जिले में साजा तहसील में वर्ष 2007-2008 में प्राप्त सभी 138 कृषकों के आवेदनों को स्वीकृत किया गया. 80 कृषकों द्वारा नलकूप खनन कराया गया, 77 नलकूप सफल हुए एवं 3 असफल है. (ग) वर्ष 2007-08 के स्वीकृत (पंजीकृत) 3652 प्रकरणों में से 1602 नलकूप खनन हुये जिसके विरुद्ध 1162 कृषकों को दिनांक 27-6-2008 तक अनुदान राशि का भुगतान किया गया.

## खरीफ फसल के लिए रासायनिक खाद का आवंटन

21. ( *क्र. 297 ) **डॉ. ( श्रीमती ) रेणु जोगी :** क्या कृषि मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि ( क ) बिलासपुर जिले में 2008-09 खरीफ फसल के लिए रासायनिक खाद डी. ए. पी. सुपरफास्फेट, बीज का कितना आवंटन किया गया है ? 31-5-08 तक कितना उठाव हुआ है ? ( ख ) बिलासपुर जिले को आवंटित रासायनिक खाद, बीज का आवंटन एवं उठाव तहसीलवार कितना-कितना हुआ है ?

**कृषि मंत्री** ( श्री मेघाराम साहू ) : ( क ) बिलासपुर जिले में 2008-09 में खरीफ फसलों के लिए रासायनिक खाद डी. ए. पी., सुपरफास्फेट, बीज का लक्ष्य ( आवंटन ) निर्धारित कर 31-5-08 तक निम्नानुसार भंडारण ( उठाव ) हुआ है :—

| क्र. | उर्वरक का नाम | लक्ष्य ( आवंटन ) | भंडारण ( उठाव ) |
|---|---|---|---|
| 1. | डी. ए. पी. ( मे. टन ) | 8000 | 2768.50 |
| 2. | सुपर फास्फेट ( मे. टन ) | 22000 | 3248.70 |
| 3. | बीज ( क्विं. में ) | 19110 | 12090.91 |

( ख ) जिले में रासायनिक खाद एवं बीज के लक्ष्य ( आवंटन ) एवं भंडारण ( उठाव ) की तहसीलवार जानकारी † संलग्न प्रपत्र "अ" एवं प्रपत्र "ब" पर है.

## प्रदेश में सिंचित भूमि के रकबे में वृद्धि

22. ( *क्र. 204 ) **श्री महेन्द्र कर्मा :** क्या जल संसाधन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि वर्ष 1 अप्रैल, 2004 से 31 मार्च, 2008 तक प्रदेश में सिंचित भूमि के रकबे में कितनी वृद्धि हुई है ? जिलेवार जानकारी देवें ?

**जल संसाधन मंत्री** ( श्री हेमचंद यादव ) : दिनांक 1 अप्रैल 2004 से 31 मार्च 2008 तक की अवधि में प्रदेश में निर्मित सिंचित भूमि के रकबे में कुल 2,06,984 हेक्टेयर की वृद्धि हुई. जिलेवार जानकारी निम्नानुसार है :—

| स. क्र. (1) | जिला का नाम (2) | 1 अप्रैल 2004 तक निर्मित सिंचित क्षेत्र (हेक्टेयर में) (3) | 1 मार्च 2008 तक निर्मित सिंचित क्षेत्र (हेक्टेयर में) (4) | सिंचित भूमि में वृद्धि (हेक्टेयर में) (5) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | रायपुर | 301512 | 319876 | 18364 |
| 2. | महासमुन्द | 62386 | 64273 | 1887 |
| 3. | धमतरी | 98122 | 108509 | 10387 |
| 4. | दुर्ग | 194554 | 244941 | 50387 |
| 5. | राजनांदगांव | 97945 | 111413 | 13468 |
| 6. | कबीरधाम ( कवर्धा ) | 36080 | 47379 | 11299 |
| 7. | बस्तर | 20438 | 22507 | 2069 |
| 8. | दक्षिण बस्तर ( दंतेवाड़ा ) | 14346 | 17036 | 2690 |
| 9. | उत्तर बस्तर ( कांकेर ) | 38168 | 39073 | 905 |
| 10. | बीजापुर | 4903 | 5169 | 266 |
| 11. | नारायणपुर | 2862 | 2862 | 0 |
| 12. | बिलासपुर | 131301 | 151864 | 20563 |
| 13. | कोरबा | 20015 | 24098 | 4083 |
| 14. | सरगुजा | 63823 | 69253 | 5430 |

† परिशिष्ट "सात"

| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) |
|---|---|---|---|---|
| 15. | रायगढ़ | 51478 | 65549 | 14071 |
| 16. | जांजगीर-चांपा | 368468 | 411876 | 43408 |
| 17. | कोरिया | 23670 | 24919 | 1249 |
| 18. | जशपुर | 21524 | 27982 | 6458 |
| | **योग** | **15,51,595** | **17,58,579** | **2,06,984** |

भटगांव विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत सिंचाई योजनाओं की जानकारी

23. ( *क्र. 62) **डॉ. हरिदास भारद्वाज :** क्या जल संसाधन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) भटगांव विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत विकासखंड बिलाईगढ़, बसना एवं पिथौरा में सिंचाई हेतु तथा सिंचाई क्षमता में वृद्धि हेतु 01 अप्रैल, 2007 से 15 जनवरी, 2008 तक कौन-कौन सी योजनाओं को प्रशासकीय स्वीकृति दी गई ? (ख) प्रत्येक स्वीकृत सिंचाई योजना की क्षमता तथा लागत क्या-क्या है ? (ग) 15 जनवरी, 2008 की स्थिति में कितना-कितना कार्य किया जा चुका है ?

**जल संसाधन मंत्री** ( श्री हेमचंद यादव) : (क) भटगांव विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत विकासखंड बिलाईगढ़, बसना एवं पिथौरा में सिंचाई हेतु तथा सिंचाई क्षमता में वृद्धि हेतु 01 अप्रैल, 2007 से 15 जनवरी, 2008 तक की अवधि में किसी भी योजना को प्रशासकीय स्वीकृति नहीं दी गई. (ख) एवं (ग) प्रश्नांश "क" के परिप्रेक्ष्य में प्रश्न उपस्थित नहीं होता.

मछुआ सहकारी समितियों के संबंध में जानकारी

24. ( *क्र. 07) **श्री लच्छूराम कश्यप :** क्या कृषि मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) क्या प्रदेश के मछुआरों तथा मछुआ सहकारी समितियों को मछली पालन हेतु तालाब पट्टे पर दिये जाने का प्रावधान है ? यदि हां, तो किन-किन समितियों को प्राथमिकता दी गई है ? (ख) बस्तर तथा दंतेवाड़ा जिले में कितने तालाब हैं ? तथा किन-किन तालाबों को मछुआ समूह, मछुआ सहकारी समितियों, निजी व्यक्तियों को पट्टे पर दिया गया है ?

**कृषि मंत्री** (श्री मेघाराम साहू) : (क) जी हां. प्राथमिकता दी गई समितियों की जानकारी पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट एक पर है. (ख) बस्तर तथा दंतेवाड़ा जिले में क्रमशः 4522 एवं 567 तालाब है. मछुआ समूह, मछुआ सहकारी समितियों एवं निजी व्यक्तियों को तालाब पट्टे पर देने की जानकारी पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट दो, तीन एवं चार पर है.

रायगढ़ जिला में दुर्घटनाग्रस्त श्रमिकों की जानकारी

25. ( *क्र. 137) **श्री नंदकुमार पटेल :** क्या जल संसाधन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) वर्ष 2007-08 एवं 2008-09 में 20-06-2008 तक रायगढ़ जिले के विभिन्न औद्योगिक ईकाईयों में दुर्घटना से कितने श्रमिकों की मौत हुई है ? कितने श्रमिक स्थाई एवं अस्थाई विकलांगता के शिकार हुए हैं ? वर्षवार जानकारी देवें. (ख) औद्योगिक दुर्घटना में मृत एवं अपंगता के शिकार कितने श्रमिकों को मुआवजा प्रदान किया गया है ? (ग) प्रभावित श्रमिकों के उत्तराधिकारियों को संस्थानों में रोजगार उपलब्ध कराया गया ? यदि नहीं तो क्यों ? कब तक रोजगार उपलब्ध करा दिया जायेगा ?

**जल संसाधन मंत्री ( श्री हेमचंद यादव ) : ( क ) वर्षवार जानकारी निम्नानुसार है :—**

| वर्ष | मृत्यु | विकलांगता | |
|---|---|---|---|
| | | स्थाई | अस्थाई |
| 2007-08 | 18 | 01 | 05 |
| 2008-09 ( 20-06-2008 ) तक | 04 | 01 | 02 |

( ख ) वर्ष 2007-08 में 14 मृतक श्रमिकों के आश्रितों को मुआवजा वितरित किया गया है. औद्योगिक दुर्घटना में स्थाई अपंगता का शिकार 01 श्रमिक का मुआवजा प्रकरण आयुक्त श्रमिक क्षतिपूर्ति ( श्रम न्यायालय ) रायगढ़ में लंबित है. वर्ष 2008-09 ( 20-06-2008 तक ) मृत 01 श्रमिक के आश्रित को मुआवजा राशि वितरित की गई. औद्योगिक दुर्घटना में स्थायी अपंगता का शिकार 01 श्रमिक का मुआवजा प्रकरण आयुक्त श्रमिक क्षतिपूर्ति ( श्रम न्यायालय ) रायगढ़ में लंबित है. ( ग ) जी नहीं. श्रम कानूनों के अंतर्गत प्रावधान नहीं है. प्रश्न उपस्थित नहीं होता.

-----------

# तारांकित प्रश्नोत्तर से संबंधित परिशिष्ट

## परिशिष्ट "एक"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 01 (क्र. 318) के भाग (क) की जानकारी ]

### मिनिमाता (हसदेव) बांगो परियोजना से औद्योगिक संस्थानों का जल आवंटन

| स. क्र. | उद्योग का नाम | आवंटित जल मात्रा (मि. घ. मी.) | संशोधित आवंटित जल मात्रा (मि. घ. मी.) |
|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) |
| 1. | छ. ग. रा. वि. मण्डल (पूर्व) | 37.500 | 21.000 |
| 2. | छ. ग. रा. वि. मण्डल (पश्चिम) | 26.000 | 23.000 |
| 3. | बाल्को/कोरबा | 10.200 | 10.200 |
| 4. | आई. बी. पी. कोरबा | 0.156 | 0.156 |
| 5. | एस. ई. सी. एल. कोरबा | 0.963 | 0.963 |
| 6. | एस. ई. सी. एल. कुसमुंडा | 1.490 | 1.490 |
| 7. | एन. टी. पी. सी. कोरबा | 110.000 | 62.000 |
| 8. | एन. टी. पी. सी. सीपत | 120.000 | 20.000 |
| 9. | छ. ग. रा. वि. मण्डल कोरबा (पूर्व) के नये प्रस्तावित पावर प्लांट | 24.000 | 21.000 |
| 10. | छ. ग. रा. वि. मण्डल कोरबा (पश्चिम) के नये प्रस्तावित पावर प्लांट | 26.000 | 26.000 |
| 11. | बाल्को कोरबा के विस्तारीकरण हेतु आवंटन | 26.000 | 24.000 |
| 12. | बी. सी. सी. पी. बाल्को कोरबा हेतु | 18.000 | 18.000 |
| 13. | के. व्ही. के. बायो एनर्जी प्रा. लि. हैदराबाद द्वारा अमरताल (अकलतरा) में प्रस्तावित पावर प्लांट. | 0.500 | 0.500 |
| 14. | छ. ग. राज्य विद्युत मंडल (दक्षिण)-1000 मे. वा. | 0.000 | 40.000 |
| 15. | बाल्को पावर प्लांट -1200 मे. वा. | 0.000 | 12.000 |
| | कुल योग | 400.809 | 280.309 |

परिशिष्ट "दो"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 05 (क्र. 249) के भाग (क) एवं (ख) की जानकारी ]

**जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित द्वारा की गई उर्वरक की मांग एवं आपूर्ति की जानकारी**

(इकाई मे. टन)

| क्र. | उर्वरक का नाम | बेमेतरा | | बेरला | | साजा | | योग | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | मांग | आपूर्ति | मांग | आपूर्ति | मांग | आपूर्ति | मांग | आपूर्ति |
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) | (8) | (9) | (10) |
| 1. | यूरिया | 2772 | 1300 | 1584 | 1048 | 1188 | 579 | 5544 | 2927 |
| 2. | सु. फा. | 686 | 18 | 392 | 10 | 294 | 15 | 1372 | 43 |
| 3. | पोटाश | 672 | 339 | 384 | 228 | 288 | 145 | 1344 | 712 |
| 4. | डी. ए. पी. | 952 | 699 | 528 | 607 | 396 | 310 | 1876 | 1616 |
| 5. | 12:32:16 | 364 | 0 | 240 | 90 | 156 | 110 | 760 | 200 |
| 6. | 10:26:26 | 25 | 98 | 25 | 0 | 25 | 15 | 75 | 113 |
| 7. | 28:28:0 | 100 | 36 | 48 | 50 | 80 | 0 | 228 | 86 |
| 8. | एम. ए. पी. | 95 | 36 | 36 | 45 | 70 | 45 | 201 | 126 |
| | **योग** | **5666** | **2526** | **3237** | **2078** | **2497** | **1219** | **11400** | **5823** |

परिशिष्ट "तीन"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 08 (क्र. 291) की जानकारी ]

**सुतियापाट जलाशय के नहर निर्माण में अर्जित भू-अर्जन की अद्यतन स्थिति (दिनांक 20-06-2008 की स्थिति में) ग्रामों की सूची जिसका भुगतान नहीं किया गया है**

(राशि रुपये में)

| स. क्र. | ग्राम का नाम | अर्जित भूमि (हे.) | दर | | | अर्जित भूमि का मुआवजा भुगतान | 30% तोषण राशि | कुल भुगतान राशि | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | धनहा | | भर्री | | | | |
| | | | सिंचित | असिंचित | | | | | |
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) | (8) | (9) | (10) |
| 1. | पिपरटोला | 1.710 | - | 175000 | - | 299250 | 89775 | 389025 | धारा 6 की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है |
| 2. | बासिनझोरी | 0.320 | - | 195000 | - | 62400 | | | धारा 6 की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है |
| | | 4.755 | - | - | 131000 | 622905 | | | |
| | | 5.075 | | | | 685305 | 205591 | 890896 | |
| 3. | लखनपुर | 0.300 | 392000 | - | - | 117600 | | | धारा 6 की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है |
| | | 1.660 | - | 261000 | - | 433260 | | | |
| | | 1.096 | | | 176590 | 193543 | | | |
| | | 3.056 | | | | 744403 | 223321 | 967724 | |
| 4. | केजादाह | 5.614 | - | 205000 | - | 1150870 | | | धारा 4 की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है |
| | | 1.431 | - | - | 140000 | 200340 | | | |
| | | 7.045 | | | | 1351210 | 405363 | 176573 | |
| 5. | बानो | 2.002 | - | - | 124000 | 248248 | 74474 | 322722 | धारा 4 की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है |
| 6. | धनगांव | 6.280 | - | - | - | 2041000 | 612300 | 2653300 | अवार्ड पारित हो चुका है एवं भुगतान किया जाना शेष है. |
| 7. | भिभौरी | 7.206 | - | - | - | 2341950 | 702585 | 3044535 | अवार्ड पारित हो चुका है एवं भुगतान किया जाना शेष है. |
| | **कुल** | **32.374** | - | - | - | **7711366** | **2313409** | **10024775** | |

## परिशिष्ट "चार"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 09 (क्र. 63) के भाग (क) की जानकारी ]

| क्रमांक | मण्डी का नाम | वर्ष | राईस मिलर्स द्वारा क्रय किये गये धान के एवज में | |
|---|---|---|---|---|
| | | | खरीदी गई मात्रा (क्विंटल में) | मंडी शुल्क के रूप में प्राप्त आय (राशि रुपये में) |
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) |
| 1. | बसना | 2006-07 (01 अप्रैल 06 से 31 मार्च 07 तक) | 4,21,803 | 48,63,463 |
| | | 2007-08 (01 अप्रैल 07 से 31 जनवरी 08 तक) | 4,08,249 | 48,41,449 |
| | | **योग** | **8,30,052** | **97,04,912** |
| 2. | सरायपाली | 2006-07 (01 अप्रैल 06 से 31 मार्च 07 तक) | 2,33,203 | 26,50,458 |
| | | 2007-08 (01 अप्रैल 07 से 31 जनवरी 08 तक) | 1,43,847 | 18,80,871 |
| | | **योग** | **3,77,050** | **45,31,329** |

परिशिष्ट "पांच"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 13 (क्र. 195) के भाग (क) की जानकारी ]

**विकासखण्डवार वितरित अनुदान राशि का विवरण**

| क्र. (1) | विकासखण्ड का नाम (2) | खनित नलकूप संख्या (3) | लाभान्वित हितग्राहियों की संख्या (4) | ग्रामों की की संख्या (5) | वितरित नलकूप खनन अनुदान राशि (रु. में) (6) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | तोकापाल | 55 | 265 | 18 | 2029013.00 |
| 2. | जगदलपुर | 25 | 128 | 10 | 981058.00 |
| 3. | बास्तानार | 03 | 17 | 02 | 140851.00 |
| 4. | बस्तर | 15 | 89 | 06 | 372926.00 |
| 5. | केशकाल | 24 | 103 | 07 | 940000.00 |
| 6. | बड़ेराजपुर | 41 | 142 | 07 | 1550000.00 |
| 7. | नारायणपुर | 35 | 279 | 08 | 3002721.00 |
| 8. | फरसगांव | 58 | 198 | 07 | 4526767.00 |
| 9. | माकड़ी | 42 | 228 | 07 | 2929000.00 |
| | **योग** | **298** | **1449** | **72** | **16472336.00** |

**टीप :-** नलकूप खनन हेतु वर्ष 2006-07 में रु. 105 लाख एवं वर्ष 07-08 में रु. 62.50 लाख कुल राशि रु.कुल 167.50 लाख का आवंटन जिले को प्रदाय किया गया है, जिसमें से राशि रु. 164.72 लाख का व्यय वर्ष 06-07 एवं 07-08 में किया गया है. वर्ष 08-09 में न ही आवंटन प्रदाय किया गया है और न ही व्यय किया गया है.

परिशिष्ट "छ:"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 17 (क्र. 168) के भाग (ख) की जानकारी ]

## दुर्ग जिले में 2008 के लिये रासायनिक उर्वरक के लक्ष्य भंडारण वितरण एवं शेष की जानकारी

| क्र. | उर्वरक का नाम | खरीफ 2007 में वितरण | | | खरीफ 2008 के लिए लक्ष्य | | | दिनांक 24-06-2008 की स्थिति में भंडारण | | | 24-06-2008 की स्थिति में वितरण | | | 24-06-2008 की स्थिति में बचत | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | संस्था | निजी | योग | संस्था | निजी | योग | संस्था | निजी | योग | संस्था | निजी | योग | संस्था | निजी | योग |
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) | (8) | (9) | (10) | (11) | (12) | (13) | (14) | (15) | (16) | (17) |
| 1. | यूरिया | 34096 | 19828 | 53924 | 36090 | 24060 | 60150 | 30902 | 2814 | 33716 | 12728 | 2412 | 15140 | 18174 | 402 | 18576 |
| 2. | सि. सु. फा. | 8463 | 5299 | 13762 | 9000 | 6000 | 15000 | 762 | 1762 | 2524 | 699 | 1714 | 2413 | 63 | 48 | 111 |
| 3. | पोटाश | 6550 | 5046 | 11596 | 8700 | 5800 | 14500 | 5023 | 1438 | 6461 | 3670 | 1024 | 4694 | 1353 | 414 | 1767 |
| 4. | डी. ए. पी. | 14096 | 5964 | 20060 | 12000 | 8000 | 20000 | 6264 | 3866 | 10130 | 5966 | 3242 | 9208 | 298 | 624 | 922 |
| 5. | काम्पलेक्स एन. पी. के. | 5618 | 6466 | 12084 | 8100 | 5400 | 13500 | 3554 | 3102 | 6656 | 2764 | 2318 | 5082 | 790 | 784 | 1574 |
| 6. | अन्य | 0 | 246 | 246 | 1800 | 1200 | 3000 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| | योग | 68823 | 42849 | 111672 | 75690 | 50460 | 126150 | 46505 | 12982 | 59487 | 25827 | 10710 | 36537 | 20678 | 2272 | 22950 |

परिशिष्ट "सात"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 21 (क्र. 297) के भाग (ख) की जानकारी ]

प्रपत्र "अ"

**दिनांक 31-05-2008 तक रासायनिक खाद का लक्ष्य (आवंटन) एवं भंडारण (उठाव) की जानकारी**

(मात्रा मे. टन)

| क्र. | तहसील का नाम | यूरिया | | डी. ए. पी. | | एस. एस. पी. | | एम. ओ. पी. | | 12:32:16 | | अन्य | | योग | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | लक्ष्य (आवं.) | भंडारण (उठाव) | लक्ष्य (आवं.) | भंडारण (उठाव) | लक्ष्य (आवं.) | भंडारण (उठाव) | लक्ष्य (आवं.) | भंडारण (उठाव) | लक्ष्य (आवं.) | भंडारण (उठाव) | लक्ष्य (आवं.) | भंडारण (उठाव) | लक्ष्य (आवं.) | भंडारण (उठाव) |
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) | (8) | (9) | (10) | (11) | (12) | (13) | (14) | (15) | (16) |
| 1. | बिलासपुर | 8500 | 10665 | 1100 | 1066 | 3900 | 686 | 1300 | 379 | 1100 | 34 | 1380 | 636.35 | 17280 | 13466.35 |
| 2. | बिल्हा | 6000 | 2063 | 1070 | 183 | 2400 | 391 | 1000 | 220 | 1070 | 43.5 | 770 | 91 | 12310 | 2991.5 |
| 3. | मस्तूरी | 10370 | 2507 | 1500 | 246 | 5750 | 442 | 1100 | 92 | 1700 | 18 | 355 | 101 | 20775 | 3406.00 |
| 4. | कोटा | 5280 | 2573 | 680 | 249 | 1500 | 534 | 600 | 150.1 | 880 | 1 | 355 | 264 | 9295 | 3771.1 |
| 5. | लोरमी | 5670 | 2517 | 650 | 89 | 2200 | 365 | 550 | 77 | 750 | 8 | 250 | 117 | 10070 | 3173.00 |
| 6. | तखतपुर | 6590 | 1293 | 900 | 343 | 1605 | 288 | 700 | 87 | 900 | 0 | 270 | 41.5 | 10965 | 2052.5 |
| 7. | मुंगेली | 10650 | 2345 | 1300 | 492.5 | 2850 | 432.7 | 1100 | 175 | 1300 | 0 | 950 | 23 | 18150 | 3468.2 |
| 8. | पथरिया | 5620 | | 700 | | 1600 | | 400 | | 700 | | 590 | | 9610 | |
| 9. | गौरेला-1 | 430 | 581 | 60 | 100 | 105 | 110 | 125 | 50 | 60 | 0 | 60 | 0 | 840 | 841 |
| 10. | गौरेला-2 | 480 | | 20 | | 45 | | 50 | | 20 | | 35 | | 650 | |
| 11. | मरवाही | 410 | | 20 | | 45 | | 75 | | 20 | | 35 | | 605 | |
| | **योग** | **60000** | **24544** | **8000** | **2768.5** | **22000** | **3248.7** | **7000** | **1230.1** | **8500** | **104.5** | **5050** | **1273.85** | **110550** | **33169.650** |

प्रपत्र "ब"

**बिलासपुर जिले में तहसीलवार एवं फसलवार बीज का लक्ष्य (आवंटन) एवं भंडारण (उठाव) की जानकारी**
**दिनांक 31-05-2008 की स्थिति में**

(इकाई मात्रा क्विंटल में)

| क्र. | तहसील का नाम | धान | | मक्का | | अरहर | | उड़द | | मूंग | | सोयाबीन | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | लक्ष्य (आवं.) | भंडारण (उठाव) | लक्ष्य (आवं.) | भंडारण (उठाव) | लक्ष्य (आवं.) | भंडारण (उठाव) | लक्ष्य (आवं.) | भंडारण (उठाव) | लक्ष्य (आवं.) | भंडारण (उठाव) | लक्ष्य (आवं.) | भंडारण (उठाव) |
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) | (8) | (9) | (10) | (11) | (12) | (13) | (14) |
| 1. | बिलासपुर | 900.00 | 985.91 | 0.00 | 77.10 | 8.00 | 3.00 | 15.00 | 0.90 | 8.00 | 1.00 | 0.00 | 0.00 |
| 2. | बिल्हा | 990.00 | 743.40 | 0.00 | 0.00 | 7.00 | 4.00 | 15.00 | 0.00 | 7.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| 3. | मस्तूरी | 1700.00 | 747.70 | 0.00 | 0.00 | 15.00 | 9.40 | 15.00 | 10.00 | 15.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| 4. | कोटा | 1500.00 | 750.80 | 0.00 | 0.00 | 15.00 | 9.60 | 15.00 | 10.00 | 15.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| 5. | लोरमी | 1400.00 | 783.10 | 0.00 | 0.00 | 15.00 | 9.60 | 15.00 | 10.00 | 15.00 | 0.00 | 200.00 | 60.00 |
| 6. | तखतपुर | 1450.00 | 666.00 | 0.00 | 0.00 | 15.00 | 5.80 | 15.00 | 10.00 | 15.00 | 0.00 | 220.00 | 1633.20 |
| 7. | मुंगेली | 1550.00 | 937.20 | 0.00 | 0.00 | 15.00 | 9.60 | 15.00 | 10.00 | 15.00 | 0.00 | 2840.00 | 1761.10 |
| 8. | पथरिया | 1650.00 | 487.20 | 0.00 | 0.00 | 15.00 | 9.60 | 15.00 | 0.00 | 15.00 | 0.00 | 800.00 | 155.00 |
| 9. | गौरेला-1 | 850.00 | 594.60 | 15.00 | 0.00 | 15.00 | 9.60 | 20.00 | 10.00 | 15.00 | 0.00 | 200.00 | 27.90 |
| 10. | गौरेला-2 | 865.00 | 498.00 | 13.00 | 0.00 | 15.00 | 9.60 | 20.00 | 10.00 | 15.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| 11. | मरवाही | 800.00 | 602.70 | 12.00 | 0.00 | 15.00 | 9.60 | 15.00 | 10.00 | 15.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| | **योग** | **13655.00** | **7796.61** | **40.00** | **77.10** | **150.00** | **89.40** | **175.00** | **80.90** | **150.00** | **1.00** | **4260.00** | **3637.20** |

| क्र. | तहसील का नाम | तिल | | मूंगफली | | रामतिल | | मक्का | | ढेंचा | | योग | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | लक्ष्य (आवं.) | भंडारण (उठाव) | लक्ष्य (आवं.) | भंडारण (उठाव) | लक्ष्य (आवं.) | भंडारण (उठाव) | लक्ष्य (आवं.) | भंडारण (उठाव) | लक्ष्य (आवं.) | भंडारण (उठाव) | लक्ष्य (आवं.) | भंडारण (उठाव) |
| (1) | (2) | (15) | (16) | (17) | (18) | (19) | (20) | (21) | (22) | (23) | (24) | (25) | (26) |
| 1. | बिलासपुर | 3.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 10.00 | 5.70 | 20.00 | 10.80 | 964.00 | 1084.41 |
| 2. | बिल्हा | 2.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 10.00 | 14.80 | 20.00 | 20.00 | 1051.00 | 782.20 |
| 3. | मस्तूरी | 5.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 20.00 | 14.80 | 40.00 | 30.00 | 1810.00 | 811.90 |
| 4. | कोटा | 5.00 | 3.00 | 0.00 | 0.00 | 00.00 | 00.00 | 20.00 | 12.00 | 40.00 | 15.20 | 1610.00 | 800.60 |
| 5. | लोरमी | 5.00 | 0.00 | 0.00 | 2.00 | 0.00 | 0.00 | 20.00 | 14.80 | 40.00 | 30.00 | 1710.00 | 909.50 |
| 6. | तखतपुर | 5.00 | 1.20 | 0.00 | 2.00 | 0.00 | 0.00 | 20.00 | 15.20 | 40.00 | 34.40 | 1780.00 | 2367.80 |
| 7. | मुंगेली | 5.00 | 0.00 | 0.00 | 2.00 | 0.00 | 0.00 | 20.00 | 15.20 | 40.00 | 30.00 | 4500.00 | 2765.10 |
| 8. | पथरिया | 5.00 | 0.00 | 0.00 | 2.00 | 0.00 | 0.00 | 20.00 | 15.20 | 40.00 | 30.00 | 2560.00 | 699.00 |
| 9. | गौरेला-1 | 5.00 | 0.00 | 0.00 | 4.00 | 10.00 | 0.00 | 20.00 | 10.00 | 40.00 | 14.80 | 1190.00 | 670.90 |
| 10. | गौरेला-2 | 5.00 | 0.00 | 0.00 | 4.00 | 10.00 | 0.00 | 20.00 | 10.00 | 40.00 | 15.20 | 1003.00 | 546.80 |
| 11. | मरवाही | 5.00 | 2.40 | 0.00 | 4.00 | 10.00 | 0.00 | 20.00 | 8.80 | 40.00 | 15.20 | 932.00 | 652.70 |
| | **योग** | **50.00** | **6.60** | **0.00** | **20.00** | **30.00** | **0.00** | **200.00** | **136.50** | **400.00** | **245.60** | **19110.00** | **12090.91** |